कार्यालय प्राचार्य, राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर

कमाक दिनांकः 21.01.2019

प्रेस न्यूज़

''प्रतियोगिता दक्षता'' कार्यक्रम का उद्‌घाटन समारोह

आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के आदेशानुसार महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. श्रतु मथारु के निर्देशन में राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर में आज दिनांक 21.09.2019 को छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं के लिए प्रतियोगिता दक्षता कार्यक्रम का उद्‌घाटन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला परिषद के मुख्य कार्यक्रम अधिकारी (ग्रामीण विकास) श्री कमर चौधरी जी ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कोई भी कार्य यदि दृढ़ निश्चय से किया जाये तो सफलता निश्चित है। प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी के लिए छात्राओं को गत प्रश्न पत्रों की मदद लेने एवं एक निश्चित रुपरेखा से तैयारी करने की सलाह दी।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री सुमति लाल बोहरा, सेवानिवृत्त आई.ए.एस. थे। उन्होनें कहा कि छात्राएं आत्मअवलोकन करते हुए समय का सदुपयोग करें और कोचिंग के माध्यम से प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी करेंगी तो निश्चित रुप से सफलता प्राप्त होगी। अध्यक्षीय उद्‌बोधन में प्राचार्य डॉ. ऋतु मथारु ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा सभी विद्यार्थियों में समान रुप से होती है आवश्यकता है परिश्रम और लगन से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की। उन्होने कहा कि छात्राओं को इस योजना द्वारा निःशुल्क कोचिंग प्राप्त करने का सुअवसर मिला है अतः सभी विद्यार्थियों को इसका लाभ उठाना चाहिए।

संयोजिका डॉ. प्रियम्वदा सोरल ने इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि जीवन में व्यावसायिक तैयारी हेतु कोचिंग कक्षाएं छात्राओं के लिए विशेष उपयोगी सिद्ध होगी। उद्घाटन समारोह के बाद लगभग 600 छात्राओं ने पंजीयन करवाया और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं यथा आई.ए.एस., आर.ए.एस., बैंक पी.ओ., क्लर्क, रीट, नेट इत्यादि परिक्षाओं की तैयारी में अपना रुझान दिखाया। उद्घाटन सत्र के तुरन्त पश्चात छात्राओं की प्रथम कक्षा डॉ. दीपक माहेश्वरी, सहायक आचार्य, भूगोल द्वारा सामान्य ज्ञान विषय पर ली गई।

अतिथियों का धन्यवाद डॉ. राकेश दशोरा ने दिया और कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंजु त्रिपाठी ने किया। छात्राओं ने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया।

प्राचार्य
राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय
उदयपुर